आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.01.2026 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री-सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वाभिमान पर्व भारत माता के उन अनगिनत संतानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी एक हजार छब्बीस में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि बार-बार आक्रमणों के बावजूद, भक्तों की अटूट आस्था और भारत के सभ्यतागत संकल्प ने यह सुनिश्चित किया कि सोमनाथ का बार-बार पुनर्निर्माण हो। प्रधानमंत्री ने एक हज़ार वर्ष से भी अधिक समय से लोगों के हृदय में सोमनाथ की स्मृतियों को जीवंत रखने वाली शाश्वत सभ्यतागत भावना का स्मरण किया।

परीक्षा पे चर्चा

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने कहा है कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि उत्सव की तरह मनाना चाहिए। दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर 'परीक्षा पे चर्चा' से पूर्व आयोजित लाइव संवाद में उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा तनाव से मुक्त रहने और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का संतुलित और सही उपयोग सीखने में सहायक बनता है, लेकिन परीक्षा के समय मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी रखना जरूरी है। श्रीमती घारू ने नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं, जिनका समाधान सहज और प्रेरक ढंग से किया गया।

सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से चार दिवसीय शिवपुरी दौरे पर रहेंगे। 8 से 11 जनवरी तक अपने प्रवास के दौरान वे कोलारस, बदरवास, पिछोर और शिवपुरी में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन और भूमिपूजन करेंगे, साथ ही प्रशासनिक बैठकों और स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री आज शाम कोलारस पहुंचेंगे, जहां उप-डाकघर भवनों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद म्याना रेलवे स्टेशन से भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस और पगारा रेलवे स्टेशन से भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वस्त्र सम्मेलन

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज असम प्रवास पर हैं। वे गुवाहाटी पहुंचकर राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में सहभागिता कर रहे हैं । सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह भी उपस्थित हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविख्यात चंदेरी

और माहेश्वरी साड़ियों के साथ अब नर्मदापुरम का सिल्क भी मध्यप्रदेश की विशिष्ट वस्त्र पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है

यूथ गेम्स

भोपाल में 12 जनवरी से खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जयंती पर भोपाल के बड़े तालाब में देश का पहला फ्लोटिंग लॉन्च इवेंट आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। आज खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने वाटर स्पोर्ट्स एकेडमी का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के निर्देश दिए। लॉन्चिंग इवेंट में गेम्स के मैस्कॉट, एंथम, लोगो और जर्सी का अनावरण होगा। खेलो एमपी यूथ गेम्स चार चरणों में 28 खेलों के साथ 31 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। शहडोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। कई जिलों में रात का पारा 3 डिग्री से नीचे चला गया है। प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता कम रही और रेल यातायात प्रभावित हुआ। दिल्ली से आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें 2 से 6 घंटे तक देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले 2-3 दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

समाचार संक्षेप

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान 17 जनवरी को विदिशा जिले में सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा सड़कों का लोकार्पण और भूमि पूजन करेंगे।

- अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन विभाग द्वारा आगरमालवा जिले के ग्राम पायली वनक्षैत्र में कल स्कूली छात्र-छात्राओं को जंगल भ्रमण कराते हुए वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई।

- पन्ना जिले मे 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा।

- शिवपुरी जिले में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कल ग्राम राजगढ में क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा सरसों की उन्नत तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया।

- धार में संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर द्वारा सीनियर खिलाड़ियों का लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट इंदौर में 12 जनवरी से शुरु हो रहा है।